# Solutions For Class 8 Hindi 2026-27

**Teacher Amrendra Singh Call @ 8967311377**

## अध्याय 3. संधि

### 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें-

**प्रश्न - (क) संधि किसे कहते हैं? उदाहरण देकर समझाएँ।**

उत्तर : दो वर्णों के परस्पर मेल से जो विकार (परिवर्तन) उत्पन्न होता है, उसे संधि कहते हैं।उदाहरण: विद्या + अर्थी = विद्यार्थी, नर + ईश = नरेश।

**प्रश्न -(ख) संधि कितने प्रकार की होती है? उनके नाम लिखें।**

उत्तर : संधि मुख्य रूप से तीन प्रकार की होती है:
1. स्वर संधि 2. व्यंजन संधि 3. विसर्ग संधि

**प्रश्न - स्वर संधि किसे कहते हैं? उदाहरण देकर समझाएँ।**

उत्तर : दो स्वरों के मेल से होने वाले विकार को स्वर संधि कहते हैं।
उदाहरण: सूर्य + उदय = सूर्योदय (अ + उ = ओ), हिम + आलय = हिमालय (अ + आ = आ)।

**प्रश्न - (घ) व्यंजन संधि और विसर्ग संधि में अंतर स्पष्ट करें।**

उत्तर : व्यंजन संधि: जब किसी व्यंजन का मेल किसी स्वर या व्यंजन से होता है, तो उसे व्यंजन संधि कहते हैं।जैसे: सत् + जन = सज्जन।
विसर्ग संधि: विसर्ग (:) के साथ किसी स्वर या व्यंजन के मेल से जो परिवर्तन होता है, उसे विसर्ग संधि कहते हैं।जैसे: नमः + ते = नमस्ते।

**प्रश्न - (ङ) संधि-विच्छेद किसे कहते हैं? उदाहरण देकर समझाएँ।**

उत्तर : संधि द्वारा बने शब्दों को अलग-अलग करके पहले वाली स्थिति में लाने की प्रक्रिया को संधि-विच्छेद कहते हैं।
उदाहरण: 'परोपकार' का संधि-विच्छेद होगा— पर + उपकार।

### 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-

**प्रश्न - (क) कक्षा के विद्यार्थियों और कक्षा अध्यापिका के मध्य 'वृक्ष लगाओ धरती बचाओ' विषय को लेकर ...........हुआ।**

उत्तर : वार्तालाप

**प्रश्न -(ख) माता-पिता अपने बच्चों के उज्ज्वल .......... के लिए चिंतित रहते हैं।**

उत्तर : भविष्य

प्रश्न - (ग) हमने आज अपनी नई दुकान का ..........किया।

उत्तर : शुभारंभ

**3. निम्नलिखित वाक्यों में सही के सामने (✓) तथा गलते के सामने (X) का निशान लगाएँ-**

प्रश्न - (क) संधि के मुख्य रूप से तीन भेद होते हैं।

उत्तर : (✓) (स्वर, व्यंजन और विसर्ग संधि)

प्रश्न -(ख) दो स्वरों का आपस में मेल होने पर उनमें जो परिवर्तन आता है, उसे स्वर संधि कहते हैं।

उत्तर : (✓)

प्रश्न - (ग) स्वर संधि के पाँच भेद होते हैं।

उत्तर : (✓)

प्रश्न - (घ) यण संधि 'व्यंजन संधि' का एक भेद है।

उत्तर : (X)

प्रश्न - (ङ) दीर्घ संधि 'स्वर संधि' के अंतर्गत है।

उत्तर : (✓)

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प के आगे सही(✓) का निशान लगाएँ-**

प्रश्न - (क) संधि किनके बीच होती है–

उत्तर : (ब) वर्णों के

प्रश्न -(ख) 'स्व + इच्छा' शद्वों के मेल से कौन-सा उपयुक्त शद्व बनेगा?

उत्तर : (स) स्वेच्छा

प्रश्न - (ग) 'अधिकांश' शद्व का उपयुक्त विग्रह क्या होगा?

उत्तर : (अ) अधिक + अंश

प्रश्न - (घ) 'उत् + ज्वल' की संधि करें–

उत्तर : : (ब) उज्जवल

प्रश्न - (ङ) 'मनः + हर' शद्व से बना उपयुक्त संधि शद्व छाँटें–

उत्तर : (स) मनोहर

**5. शद्व की सही संधि पर गोला लगाइए-**

प्रश्न - (क) अश्व + आरोही = अश्वारोही

उत्तर : अश्वारोही
प्रश्न -(ख) पौ + अक = पावक

उत्तर : पावक
प्रश्न - (ग) इति + आदि = इत्यादि

उत्तर : इत्यादि
प्रश्न - (घ) प्रति + आशा = प्रत्याशा

उत्तर : प्रत्याशा
प्रश्न - (ङ) देश + उद्धार = देशोद्धार

उत्तर : देशोद्धार
**6. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए (स्वर संधि)-**

प्रश्न - (क) प्रतीक्षालय = प्रतीक्षा + आलय

(ख) सूर्योदय = सूर्य + उदय

(ग) गिरीश = गिरि + ईश

(घ) महोदय = महा + उदय

(ङ) रजनीश = रजनी + ईश

(च) स्वच्छ = सु + अच्छ

(छ) स्वेच्छा = स्व + इच्छा

(ज) अत्यधिक = अति + अधिक

(झ) परमेश्वर = परम + ईश्वर

(ञ) भवन = भो + अन
**7. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए (स्वर संधि)-**
प्रश्न - • (क) महा + आशय = महाशय

• (ख) महा + उदय = महोदय

• (ग) पर + उपकार = परोपकार

• (घ) नियम + अनुसार = नियमानुसार

• (ङ) एक + एक = एकैक

• (च) चे + अन = चयन

• (छ) मातृ + आज्ञा = मात्राज्ञा

• (ज) राजा + इंद्र = राजेंद्र

• (झ) सुर + ईश = सुरेश

• (ञ) यदि + अपि = यद्यपि

**8. निम्नलिखित वर्णों के मेल से तीन-तीन संधि शब्द बनाइए-**
प्रश्न - • (क) अ + ऋ = अर्: महर्षि, सप्तर्षि, राजर्षि

• (ख) अ + इ = ए: नरेंद्र, पुष्पेंद्र, स्वदेशेंद्र

• (ग) आ + ए = ऐ: तथैव, सदैव, महैश्वर्य

• (घ) आ + उ = ओ: महोदय, महोदधि, गंगोदक

• (ङ) अ + आ = आ: हिमालय, पुस्तकालय, विद्यार्थी

**9. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए:**
प्रश्न - (क) दिगंबर = दिक् + अंबर

(ख) नमस्ते = नमः + ते

(ग) उच्चारण = उत् + चारण

(घ) उल्लास = उत् + लास

(ङ) मनोयोग = मनः + योग

(च) तपोबल = तपः + बल

(छ) पद्धति = पत् + हति

(ज) उन्नायक = उत् + नायक

(झ) निष्कर्ष = निः + कर्ष

(ञ) निश्चय = निः + चय

**10. निम्नलिखित शद्बों की संधि कीजिए:**

प्रश्न - (क) निः + रोग = नीरोग

(ख) सम् + मान = सम्मान

(ग) निः + छल = निश्छल

(घ) मनः + विज्ञान = मनोविज्ञान

(ङ) राम + अयन = रामायण

(च) वि + सम = विषम

(छ) सत् + चरित्र = सच्चरित्र

(ज) उत् + लेख = उल्लेख

(झ) उत् + नायक = उन्नायक

(ञ) दुः + बल = दुर्बल

**11. शद्बों को उनके संधि-भेद के अनुसार वर्गीकृत कीजिए:**

उत्तर : स्वर संधि = पवित्र (पो + इत्र), महर्षि (महा + ऋषि)

उत्तर : व्यंजन संधि = तट्टीका (तत् + टीका), संगति (सम् + गति)

उत्तर : विसर्ग संधि = मनोरथ (मनः + रथ), निष्फल (निः + फल)